**Regarding SAIL Processing Unit**

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) :** सभापति महोदया, मैं सदन का ध्यान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने बेतिया के कुमारबाग में स्टील प्रोसैसिंग यूनिट लगाया है । उसका लक्ष्य 20 हजार टन स्टील शीट और 50 हजार टन पाइप का उत्पादन करना है ।

**<u>17.02 hrs</u>** (Hon. speaker *in the Chair*)

लेकिन आज तक उसमें केवल 600 टन पाइप का उत्पादन हुआ है । वे यह एक्सप्लेनेशन देते हैं कि जिन 137 लोगों को लिया गया, उनमें टेक्निकल लोग कम थे । यूपीए सरकार के समय में अगर गलत लोगों को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने लिया तो भी अब टेक्निकल लोगों को लेकर स्टील प्लांट को चालू करें । टीएमटी सरिया के लिए सेल ने जो ?50? एकड़ जमीन ली है, उसको वह शीघ्र चालू करे और 137 लोगों का समायोजन उचित जगह पर करके मेरे यहां प्रॉपर सरिया का उत्पादन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड शुरू करे ।

माननीय अध्यक्ष **:** आज होली का माहौल है, इसलिए माननीय सदस्य होली पर जाएं तो शून्य काल में बोलकर जाएं । लेकिन सकारात्मक बोलें और एक मिनट में अपनी बात समाप्त करनी होगी, क्योंकि 80 माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं और सभी को मौका देना है ।

श्री हनुमान बेनीवाल **(**नागौर**) :** महोदय, 50 सदस्य तो चले गए हैं ।

माननीय अध्यक्ष **:** कोई नहीं गया है, सभी 80 माननीय सदस्य यहां बैठे हैं । आपका नंबर नहीं आने वाला है ।